## खबर संक्षेप

### लक्ष्य पूर्ण नहीं होने पर अवैतनिक करने के निर्देश

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नियुक्त चेकर अधिकारी 21 जनवरी तक शत प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करें एवं आवास पूर्णता कार्य में प्रगति लाएं। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चेकर अधिकारियों द्वारा सत्यापन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना प्रभारी डॉ मृगेंद्र सिंह को दिए। योजना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि चेकर सत्यापन में लापरवाही बरती जाने वाले अधिकारियों पर जिला पंचायत की सीईओ ने नाराजगी जताई है तथा 21 जनवरी 2026 तक लक्ष्य के विरुद्ध कार्य पूर्ण नहीं करने वाले चेकर अधिकारियों को अवैतनिक किए जाने के निर्देश दिए वही सुश्री कौर ने शत प्रतिशत सत्यापन कार्य करने वाले 36 चेकर सत्यापन अधिकारियों की सराहना की। इनमें बड़वारा, ढीमरखेड़ा, कटनी,रीठी के 7-7 एवं बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ के चार-चार सत्यापन अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सीईओ सुश्री कौर ने लापरवाही बरतने वाले चेकर अधिकारियों को कम प्रगति पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए थे उसके बाद भी कार्य में वांछित प्रगति परिलक्षित नहीं हुई।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, काउंटर मामला दर्ज

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम चाका में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस विवाद में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष के फरियादी रघुबीर सिंह 25 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 19 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे अर्जुन सिंह, बीरेन्द्र सिंह और सतेन्द्र सिंह ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में रामखेलावन, खूब सिंह और बलराम सिंह घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष से सतेन्द्र सिंह 40 वर्ष ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि खूब सिंह, रघुबीर सिंह, बलराम सिंह और दीप उर्फ अन्नू ने उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में वीरेन्द्र सिंह और सतेन्द्र सिंह को चोटें आई हैं। सतेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम किया है।

### घर में घुसकर मारपीट एवं उत्पात मचाया

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के झर्राटिकुरिया में घर में घुसकर मारपीट और शराब के लिए पैसे मांगने का मामला सामने आया है। फरियादी कमलेश चौधरी 48 वर्ष निवासी झर्राटिकुरिया फारेस्टर वार्ड ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अतुल भारती, शनि भारती और लालू भारती ने एक राय होकर उनके घर में प्रवेश किया। आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर गालियां दीं। आरोप है कि आरोपितों ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की, पैसे देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी और उत्पात मचाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### सरकार से फैसले पर पुनर्विचार की रखी मांग, मिशन मोड में चलेगा आंदोलन

# जिले में पूर्ण सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग कटनी बंद कर पीपीपी मॉडल का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले की बहु प्रतीक्षित सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग पर सरकार द्वारा पीपीपी मॉडल पर दी जा रही सौगात पर विरोध के स्वर उठ रहे हैं। प्रस्तावित पीपीपी मेडिकल कॉलेज के विरोध में मंगलवार को कटनी बंद का आव्हान किया गया था जिसमें नगर के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान दोपहर तक बंद रखे और पूर्णतः शासकीय मेडिकल कॉलेज की मांग को दोहराया। पीपीपी मेडिकल कॉलेज पर वक्ताओं एवं बुद्धिजीवियों का तर्क है कि मेडिकल कॉलेज में जहां इलाज, जांच और शिक्षा के नाम पर शुल्क बढ़ने की आशंका बनी रहती है, वहीं गरीब और मध्यम वर्ग के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेज न केवल निशुल्क या कम खर्च में इलाज उपलब्ध कराता है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा में पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित करता है।

मंगलवार को कटनी बंद के माध्यम से जिलेवासियों ने संकेत दिया कि यह विरोध किसी राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जनता की चिंता और भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर जागरूकता का प्रतीक है। शहर के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और उपनगरीय इलाकों में बंद का असर दिखा, जो इस आंदोलन की व्यापकता और जनसमर्थन को दर्शाता है।

जिले की जनता का कहना है कि सरकारी जमीन और संसाधनों का उपयोग निजी कंपनियों के लाभ के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिकों के हित में होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान का उद्देश्य मुनाफा नहीं, बल्कि सेवा होना चाहिए। अब यह जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की है कि वह कटनी की इस लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण चेतावनी को गंभीरता से सुने। जनता ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर यह साफ कर दिया है कि किसी भी हाल में पीपीपी मोड का मेडिकल कॉलेज उन्हें स्वीकार नहीं है। बंद के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में इसका असर स्पष्ट रूप से देखा गया। बड़ी संख्या में प्रतिष्ठान बंद रहे, जिससे यह साफ हो गया कि इस मुद्दे पर जनता एकजुट है और सरकार के निर्णय के खिलाफ खड़ी है।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक तथा उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आंदोलन को मिशन मोड में चलाया जाएगा, लेकिन कटनी की जमीन पर केवल और केवल सरकारी मेडिकल कॉलेज ही बनेगा। पीपीपी मॉडल लागू होने से इलाज और जांच के शुल्क बढ़ेंगे, गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को नुकसान होगा तथा सरकारी संसाधनों का लाभ निजी कंपनियों को मिलेगा।

# मंगल भवन ढीमरखेड़ा में लगा गंदगी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा मुख्यालय स्थित मंगल भवन परिसर और आसपास के क्षेत्र में गंदगी का अम्बार लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस भवन में शासकीय बैठक लगातार होती रहती है वहीं ग्रामीणों के लिए सामाजिक व सामुदायिक कार्यक्रमों का प्रमुख स्थल माना जाता है, वहीं सफाई की लचर व्यवस्था ने इसकी स्थिति को बेहद खराब कर दिया है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि भवन परिसर में जगह-जगह कचरा फैला हुआ है, शौचालयों की स्थिति भी दयनीय है और नियमित सफाई न होने के कारण दुर्गंध फैल रही है। इसके चलते कार्यक्रमों और बैठकों में आने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार मंगल भवन का निर्माण तकरीबन सात वर्ष हो गये किन्तु आज दिनांक तक भवन की डेटिंग पेंटिंग नहीं की गई जबकी जनपद पंचायत के द्वारा शादी पार्टी के लिए बुकिंग कराई जाति है तो 24 घंटे का किराया 5100 रुपए देना होता है और रसीद कटाई जाति है जो की जनपद के पास है इसके बाद भी आज तक भवन की पुताई जनपद के द्वारा नहीं करवाई गई आई। इस बात को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं अनेकों बार संबंधित जिम्मेदार के पास मौखिक शिकायतें करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि भवन जनपद ढीमरखेड़ा मुख्यालय प्रांगण में होने के बावजूद सफाईकर्मियों की तैनाती ठीक से नहीं हो रही है। वहीं कचरा उठाव भी समय पर नहीं होने से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। ताकि कार्यक्रमों में आने वाले लोग किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करें।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था सुधारी नहीं गई, तो वे सामूहिक रूप से विरोध करने को मजबूर होंगे।

### पुलिस, जिला पंचायत एवं नगर निगम ने भी हासिल किया ए ग्रेड

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी एक बार फिर टॉप 5 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में एक बार फिर कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल हो गया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में पांचवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा मंगलवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर समीक्षा कर बीते माह दिसंबर के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 82.83 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर पांचवां स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में पांचवें स्थान पर है। कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते दिसंबर माह में प्राप्त कुल 8 हजार 888 शिकायतों में से 82.83 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 49.34 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 18 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है।

#### हासिल किया ए ग्रेड

सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को सातवां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने दिसंबर माह में 836 शिकायतों में से 52.39 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को आठवां स्थान मिला है। जिला पंचायत ने दिसंबर माह में 1129 शिकायतों में से 85.81 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम ने सातवें स्थान पर रहकर दिसंबर माह में प्राप्त 574 शिकायतों का 92.23 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता की सराहना की है।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने जिला प्रशासन के विभागों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए।

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा, योजनाओं की दी जानकारी



मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे कृषि कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ सह अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत बड़वारा में किया गया। जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई टोकन द्वारा उर्वरक वितरण की व्यवस्था, कृषि संबंधित नई-नई तकनीको एवं किसानों को खेती में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर उनका निवारण किया गया ।साथ में उद्यानिकी विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि, केव्हीके कटनी के कृषि वैज्ञानिक डॉ आर पी वेन, कृषि विभाग से आर के रावत, रामावतार दांगी,जयपाल यादव,सुभद्रा मुजाल्दे,दिलिप बारिया, उद्यानिकी से शीतल ठाकुर, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में कृषक गण उपस्थित रहे।

# 4.93 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में बुधवार 20 जनवरी तक कुल 58 हजार 864 कृषकों से अब तक 4 लाख 93 हजार 952 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 59 हजार 568 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 3 लाख 97 हजार 759 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। कृषकों को उपार्जित धान का 870.81 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 12155 किसानों से 1 लाख 3 हजार 360 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 10054 किसानों से 72 हजार 941 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है। इसी प्रकार रीठी तहसील में 7427 कृषकों से 70 हजार 572 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक 6800 किसानों से 56 हजार 321 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। बड़वारा तहसील में अब तक की स्थिति में 7490 किसानों से 55 हजार 102 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 6029 किसानों से 52 हजार 537 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 4117 किसानों से 37 हजार 505 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 2646 किसानों से 27 हजार 684 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 2146 किसानों से 17 हजार 929 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

### बड़वारा में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का हो रहा आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह, झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा का वाचन पंडित राम नरेश गौतम ग्राम घोघरी वाले के मुखारविंद से किया जा रहा है। स्वर्गीय श्रीमती रेखा गर्ग की पुण्य स्मृति में चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुँचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। कथा के छठवें दिवस मंगलवार को कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीलाओं का वर्णन करते हुए बतलाया कि भगवान भक्त के आधीन है। गोपियां मां कात्यायनी की पूजा करती हुई माता से प्रार्थना करती हैं कि हे मां मुझे नन्द किशोर को पति के रूप में दीजिये।

कथावाचक ने रूकमणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि बताते हुये कहा कि जब भक्त भगवान को सर्वस्य न्यौछावर कर देता है तो भगवान अपने भक्त पर अनुग्रह करने के लिये गांधर्व विधि से भी विवाह कर लेते हैं। कथा में रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आओ मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बनादो सहित अन्य विवाह गीतों पर भक्त जमकर झूमे। विवाहोत्सव में बनी श्रीकृष्ण व रुक्मणि की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था।लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

इस दौरान कथा श्रोता पीडी गर्ग, आशाराम गर्ग, पूरन गर्ग, श्रीमति रेखा गर्ग एवम परिजन तथा गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने बहोरीबंद में 117 आवेदकों की सुनी समस्यायें, निराकरण के निर्देश

# राशि का भुगतान कराने तो किसी ने पेयजल समस्या के समाधान की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी मंगलवार को विकासखंड बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई में 117 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी निगमायुक्त हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई में बहोरीबंद निवासी रीतू बर्मन ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरी माँ श्रीमती सावित्री देवी वर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाकल में एएनएम के पद पर कार्यरत थी और 31 अगस्त 2016 को सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। उनकी पेंशन 9 अगस्त 2020 को जारी हो चुकी है, परंतु अभी तक पेंशन की शेष राशि और जी.पी.एफ. की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमएचओ और बीएमओ बहोरीबंद को निर्देशित किया कि तत्काल संबंधित को लंबित पेंशन राशि दिलाना सुनिश्चित करें।

बहोरीबंद निवासी राजभान ने कलेक्टर का बताया कि मैंने अपनी 110 क्विंटल धान की फसल को उपार्जन केंद्र सिन्दुरसी में बीते 12 दिसंबर को तुलवाया था। जिसकी राशि 2 लाख 62 हजार 485 रूपये होती है। उपार्जन की पर्ची भी मेरे पास है। परंतु मुझे अभी तक भुगतान राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसी प्रकार ग्राम सिंदुरसी निवासी पुरेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि मैंने 437 बोरियों में लगभग 175 क्विंटल धान की बिक्री की थी। परंतु डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने पर भी राशि का भुगतान नहीं हो सका। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने म.प्र. नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को किसानों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

ग्राम पंचायत बहोरीबंद निवासी कृपाशंकर शुक्ला ने बताया कि मैं 80 प्रतिशत विकलांग हूँ। मुझे 600 रूपये मासिक विकलांगता पेंशन की राशि प्राप्त होती है। अंत्योदय कार्डधारी होने के बावजूद मुझे अनाज नहीं मिल रहा है। इस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग को पात्रतानुसार अनाज दिलाने के निर्देश दिये।

ग्राम पंचायत पड़बार के समस्त ग्रामवासियों ने आवेदन देते हुये कहा कि हमारे मोहल्ले में पानी की बहुत समस्या है। ठेकेदार द्वारा लगभग दो वर्ष से हमारे मोहल्ले महाराजपुर में काम बंद कर दिया गया है। कई बार अवगत कराने के बाद भी काम चालू नहीं हुआ। पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी लगभग 2 सालो से बंद है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

ग्राम डुडसरा निवासी खुशीलाल सेन ने बताया कि उनके गांव में नल जल योजना से सप्लाई होने वाला दूषित पानी आ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता को पानी के नमूने का परीक्षण लैब में करवाने के निर्देश दिये।

# हम है धरती दूत की थीम पर उमरडोली बांध पर हुआ अनुभूति कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सामान्य वनमंडल कटनी के वन परिक्षेत्र रीठी अन्तर्गत उमर डोली बांध पर ''हम हैं धरती के दूत'' की थीम पर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपवनमंडलाधिकारी सुरेश बरोले एवं मास्टर ट्रेनर मोहन नागवानी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैगवा एवं शासकीय विद्यालय गोदाना के 131 छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया गया। वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण संवर्धन हेतु नई पीढ़ी के योगदान के संबंध में जागरूक किया गया। मास्टर ट्रेनर मोहन नागवानी द्वारा प्रश्नोत्तरी खेल के माध्यम से जीवन में वन, पेड़-पौधे एवं वन्यप्राणियों की उपयोगिता तथा वनों की कटाई, वन्यप्राणियों के शिकार से खाद्य श्रृंखला में पड़ रहे दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया, साथ ही वन विभाग के प्रशासनिक ढांचे की पदवार जानकारी से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम अंत में समस्त छात्र/छात्राओं एवं उपस्थित समस्त स्टाफ, शिक्षक, जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को वन, वन्यजीवों एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। अनुभूति कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया । इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार साहू, जनपद सदस्य संतोष मांझी एवं कमलेश कोल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त छात्र/छात्राओं, शिक्षकों, जन प्रतिनिधि एवं मास्टर ट्रेनर को धन्यवाद दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 28 को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 28 जनवरी को जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे से निर्धारित एजेंडा के अनुसार आयोजित होगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ के मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना अंतर्गत संपर्कता विहीन बसाहटो की सूची, पीडब्ल्यूडी विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों , शिक्षा विभाग में शालाओं के उन्नयन, जिला पंचायत की स्थाई समितियों की बैठकों के संबंध में चर्चा सहित ग्राम पंचायत खजुरा और देवरा खुर्द में कराए गए चिन्हित निर्माण कार्यों सहित अन्य विभागीय योजनाओं, गतिविधियों और प्रगति की जानकारी पर चर्चा होगी। सुश्री कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को पालन प्रतिवेदन की जानकारी सहित विभाग में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के साथ बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं । सीईओ सुश्री कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### सामाजिक समरसता के बिना नही हो सकता समाज का विकास



**स्लीमनाबाद।** कुशवाहा समाज की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को स्लीमनाबाद में आयोजित हुई जिसमें सामाजिक उत्थान को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सामाजिक बैठक संभागीय अध्यक्ष कुशवाहा महासभा रामराज पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें समाज मै फैली कुरीतियों को दूर करने ओर समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने पर बल दिया गया। संभागीय अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना समाज का विकास नही हो सकता है। समाज के पिछड़े व्यक्तियों के आर्थिक सहयोग के लिए आगे आये!समाज मै शिक्षा की अलख जगाये जिससे समाज के लोग शिक्षित हो जिससे सरकारी नौकरी के साथ -साथ स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके। समाज की जहाँ भी बैठके आयोजित हो वहाँ समाज जन बड़ी संख्या मै शामिल होवें जिससे सामाजिक विकास को लेकर रुपरेखा बनाई जा सके। इस दौरान संतराम पटेल, रामकृपाल हल्दकार, राजाराम कुशवाहा, कंधीलाल हल्दकार, बद्री प्रसाद हल्दकार, सुरजीत हल्दकार, राजेश हल्दकार, रघुनाथ हल्दकार, रामनारायण मौर्य सहित बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज जनों की उपस्थिति रही।

### मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस 30 जनवरी को नगर में मांसाहारी पदार्थ का क्रय-विक्रय बंद रहेगा। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने नागरिकों एवं मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वाले दुकानदारों को सूचित किया है कि वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस को मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय न करें। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### सहयोग पर आभार

**कटनी।** SC/ST/OBC के संयुक्त मोर्चा द्वारा भोपाल में आयोजित महासम्मेलन में कटनी से बड़ी संख्या में अजाक्स, भीम आर्मी, जयस एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी भाग लेकर अपने हक़ अधिकारों को लेकर आवाज़ बुलंद करते हुए अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष IAS संतोष वर्मा के समर्थन में पहुंच कर एकता भाई चारे का परिचय दिया है। जिला अध्यक्ष अजाक्स अरविन्द सिंह धुर्वे ने सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हैं।



---

### कलेक्ट्रेट में भारी भीड़ होने के चलते कामकाज हुआ प्रभावित, अधिकारी भी हुए परेशान

# प्रदर्शन के दौरान फार्म भरने की फैली अफवाह, कलेक्ट्रेट में उमड़ पड़ी महिलाओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे कामकाज प्रभावित हुआ। दरअसल कलेक्ट्रेट के बाहर 'लाड़ली बहना योजना' की राशि बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन हो रहा था। इसी बीच अचानक फॉर्म भरने की अफवाह फैल गई। इस अफवाह के चलते देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट के भीतर घुस गईं, जिससे प्रशासनिक कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया।

जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट के बाहर लाड़ली बहना योजना की राशि में वृद्धि करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन चल रहा था। इसी दौरान भीड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह अफवाह फैला दी कि प्रशासन द्वारा योजना के नए फॉर्म भी जमा किए जा रहे हैं। यह खबर तेजी से फैली और बाहर खड़ी महिलाएं आवेदन लेकर कलेक्ट्रेट के अंदर पहुंच गईं। अचानक हुई इस भारी भीड़ से अधिकारी और कर्मचारी भी असमंजस में पड़ गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपर कलेक्टर और एसडीएम को खुद बाहर आकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने महिलाओं





को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ इतनी अधिक थी कि स्थिति को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया।

आवेदन भरने के लिए बड़ी संख्या में



महिलाओं के पहुंच जाने से मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर आए अन्य नागरिक परेशान होते रहे। भारी शोर-शराबे और भीड़ के कारण दफ्तरों का काम घंटों प्रभावित रहा। स्थिति को शांत करने के लिए प्रशासन ने फिलहाल महिलाओं के फॉर्म ऑफलाइन ले लिए हैं, हालांकि किसी भी प्रकार की पात्रता या लाभ का आश्वासन नहीं दिया गया है।

कलेक्ट्रेट में इस बात की चर्चा सरगर्म रही कि महिलाओं को गुमराह किसने किया, प्रशासन को यह पता लगाना है। इस सुनियोजित अफवाह ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा डाली, बल्कि सैकड़ों महिलाओं को भी परेशान किया।

---



## चौपाल में ग्रामीणों ने बताई समस्यायें, शीघ्र निराकरण का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम कुदवारी में ग्रामीण समस्याओं के निराकरण को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल समाजसेवी चंद्रकांत चंदू चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें सरपंच अनीता कोरी, ग्राम सचिव सतीश गौतम तथा समाजसेवी गुड्डा कोरी की विशेष मौजूदगी रही। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। चौपाल के दौरान कुदवारी गांव की महिलाओं ने गंभीर पेयजल संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया। महिलाओं ने बताया कि गांव में पानी की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कभी पानी की सप्लाई चालू रहती है तो कभी अचानक बंद हो जाती है। पानी की टंकी में लगा समरसेबल पंप बार-बार खराब हो जाने से गांव को नियमित जलापूर्ति नहीं मिल पा रही है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हाल ही में सुधार कार्य किए जाने के बावजूद गांव के केवल आधे हिस्से में ही पानी पहुंच पा रहा है, जबकि शेष आधा गांव आज भी पेयजल संकट से जूझ रहा है। इसके अलावा गांव में स्थित देवस्थान चबूतरे का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने की मांग भी ग्रामीणों ने रखी। साथ ही अन्य छोटी-छोटी स्थानीय समस्याओं से भी सरपंच और सचिव को अवगत कराया गया। चौपाल में उपस्थित सरपंच अनीता कोरी एवं सचिव सतीश गौतम ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने, समरसेबल पंप की मरम्मत, अधूरी जलापूर्ति की समस्या तथा देवस्थान चबूतरे के निर्माण सहित अन्य समस्याओं का निराकरण शीघ्र होगा।

---

**विजयराघवगढ़ एवं रीठी में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन 22 को**

## कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत जिले के 559 किसानों के खेतों में लगेंगे सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के तहत कटनी जिले के 559 किसानों को सोलर पंप का लाभ दिया जाना है। इन किसानों को सोलरपंप योजना से लाभान्वित कराने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 22 जनवरी को विकासखण्ड विजयराघवगढ़ व रीठी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

#### अधिकारियों को निर्देश

इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विकासखंड के कृषि विकास अधिकारियों, ऊर्जा विकास निगम के प्रभारी, सेंट्रल बैंक के प्रबंधक, लीड बैंक प्रबंधक और एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को कार्य दायित्व सौंपते हुये शिविरों में उपस्थित रहकर किसानों की मदद करने के निर्देश दिये हैं।

#### आय में बढ़ोत्तरी एवं आर्थिक विकास

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (कुसुम) योजना केन्द्र शासन द्वारा लागू की गई है। भारत सरकार द्वारा कृषकों की आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये लागू, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान (कुसुम) योजनान्तर्गत घटक कुसुम-ब लागू की गई है। प्रदेश में यह योजना ₹प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के नाम से संचालित है। कुसुम-ब के अन्तर्गत कृषकों के यहां ऑफ ग्रिड सोलर पम्पों की स्थापना की जाती है।

#### मिलेगा 90 फीसदी अनुदान

कृषकों की भूमि पर सोलर पंप की स्थापना के लिये, वर्तमान में ₹प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के अन्तर्गत किसानों को 1 एच.पी. से 7.5 एच.पी. तक क्षमता के पम्प पर 90 प्रतिशत सब्सिडी (अनुदान) दिये जाने का प्रावधान है। सोलर पंप की दैनिक उपयोगिता उपरांत, सोलर पैनलों की उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक उपयोग हेतु यूनिवर्सल सोलर पंप कन्ट्रोलर (यू.एस.पी.सी.) के उपयोग का विकल्प भी कृषकों को दिया गया है।

कलेक्टर द्वारा आदेश के अनुसार विकासखंड विजयराघवगढ़ और रीठी में 22 जनवरी को, विकासखंड कटनी और बड़वारा में 23 जनवरी को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

#### किसानों को लाभ लेने के लिए ये जरूरी दस्तावेज

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही किसानों को शिविर स्थल पर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाता खोलने हेतु 100 रूपये की राशि के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

---

## ग्रामोत्सव का हुआ आयोजन, निकाली गई रैली



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मड़ई के समन्वय एवं सहयोग से डॉक्टर तेज सिंह केशवाल ( जिला समन्वयक )के मुख्य आतिथ्य एवं अनिल कांबले, आनंदम विभाग तथा बालमुकुंद मिश्रा ब्लॉक समन्वय के विशेष आतिथ्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़ई के सुर्खी भगवान शंकर मंदिर परिसर में ग्राम उत्सव का कार्यक्रम किया गया जिसमें अभियान संबंधित निर्धारित विषयों की जानकारी देते हुए विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ उपस्थित जन समुदाय के द्वारा कुर्सी दौड़ नशा मुक्ति जागरूकता रैली सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष आरएल चौधरी, राजकुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रस्तुत समिति मड़ई रामानुज पांडे परामर्शदाता, राजू यादव नवांकुर संस्था क्रमांक 01 बाबू श्याम कोल नवांकुर संस्था रूपा बर्मन, माया निषाद,( कार्यक्रम अधिकारी) शिवकुमार चौधरी बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल,सतीश त्रिपाठी सदस्य प्रस्फुटन समिति सहित उर्मिला सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

---

## मप्र यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय की छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

म.प्र. यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं बड़वारा में आयोजित की गई थी जिसमे शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की छात्राओं ने पिट्टू एवं कबड्डी खेल में भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके बाद उनका चयन जिला स्तर के लिए किया गया था।

#### अब संभाग स्तर पर खेलेंगी

जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कटनी में 17 एवं 19 जनवरी को आयोजित की गई जिसमें बड़वारा महाविद्यालय की पिट्टू की टीम ने फाइनल में विजयराघवगढ़ को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया जिसके बाद टीम की



सभी 6 खिलाड़ियों मुस्कान चौहान, मुस्कान रजक, शालिनी गुप्ता, पूनम सिंह, अमिता सिंह एवं ज्योति प्रजापति का चयन संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साथ ही रीनू बर्मन एवं रुक्मणि केवट का चयन कबड्डी में किया गया है। सभी चयनित छात्राएँ जबलपुर में आयोजित होने वाले म.प्र. यूथ गेम्स अंडर 19 में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। समस्त छात्रायें महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के मार्गदर्शन में खेल का अभ्यास कर रहीं थीं । छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।

---

**ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम**

## छात्र- छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण, नशामुक्ति सहित स्वदेशी जागरण पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद् विकासखण्ड रीठी द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रीठी के सभागार में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत रीठी के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश साहू, जनपद सदस्य रतिलाल चौधरी व नारायण सोनी और जितेंद्र चौहान उपस्थित हुए।

उद्बोधन में प्रकाश साहू ने बताया कि जन अभियान परिषद् द्वारा मैदानी स्तर पर प्रदेश सरकार के अन्य विभागों के साथ मिलकर ग्रामों में ग्रामोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो सराहनीय है। इस अभियान में ग्रामोत्सव, ग्राम



चौपाल, ग्राम रैली, सामूहिक श्रमदान, परिवार सम्पर्क कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त समाज एवं गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

जल सरंक्षण पर सोनम बर्मन और आस्था ने नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नशामुक्ति पर शानदार नाटक प्रस्तुत किया जिसमें महेश, शुभम, पुलकित, राघवेंद्र, अंजली, सावित्री, शनि, अंशुमान ने भाग लिया। परामर्शदाता अरुण तिवारी द्वारा भी अपने विचार रखते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने व लाभ दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास पर बात कही। इसके बाद साक्षी सोनिया द्वारा देशभक्ति गीत व क्रांति लोधी द्वारा नशामुक्ति स्लोगन प्रस्तुत किया गया।

स्वदेशी संकल्प दौड़, एवम राष्ट्रीय स्तर पर चयनित बंदना पटेल, अलवीना मसीह की कब्बड़ी टीम ने खेल खेल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनका मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा प्रमाण पत्र एवम् पुरस्कार वितरण कर कर सम्मानित किया गया। छात्रों ने रंगोली बनाकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया

इसके उपरांत वि.ख. समन्वयक द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंडों व चिन्हित ग्रामों में किया जा रहा है। जिसमें शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीण प्रतिभाओं का सम्मान आदि ग्राम उत्सव में किया जाएगा। मंच का संचालन परामर्शदाता शरद यादव द्वारा किया गया।

---

**खमरिया बागरी में भागवत कथा का हो रहा आयोजन**

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

खमरिया बागरी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनाया गया। कथावाचक पं. मानवेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को भावपूर्ण शैली में विस्तार से सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जैसे ही भगवान कृष्ण के अवतरण का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया।कथा के दौरान जब "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की", "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" जैसे मनमोहक भजनों की गूंज हुई, तो श्रद्धालु अपने स्थान पर ही झूम उठे। भजनों की मधुर धुनों के बीच जैसे ही बालकृष्ण की आकर्षक झांकी का दर्शन कराया गया।

झांकी के दर्शन के लिए



श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग देखने को मिली।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के विशेष अवसर पर कथा पांडाल को गुब्बारों और रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। कथा प्रसंग के दौरान जब वसुदेव जी बालकृष्ण को डलिया में लेकर कारागार से बाहर निकलते हैं, उस दृश्य का मंचन अत्यंत जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अलौकिक दृश्य की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई और पूरा पांडाल "जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा।

कथावाचक ने कथा के माध्यम से जीवन का गूढ़ संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन भर अहंकार में डूबा रहता है, लेकिन जब जीवन का अंतिम समय निकट आता है, तब उसे ईश्वर की याद आती है। उन्होंने राजा बलि और भगवान वामन के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि सच्चा भक्त वही है, जो भगवान से सांसारिक सुख नहीं, बल्कि केवल उनके दर्शन और सान्निध्य की कामना करता है। बलि ने भगवान वामन से केवल दर्शन का वरदान मांगा और भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। ईश्वर की कृपा से ही आगे चलकर बलि को महान पद की प्राप्ति हुई। इससे यह संदेश मिलता है कि जब भगवान की कृपा होती है, तो संसार के सारे सुख स्वतः भक्त को प्राप्त हो जाते हैं। सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच अनिल सिंह बागरी ने कथावाचक का सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सिंह बागरी, सरपंच मीना मोहन बागरी, सरपंच कैलाशचंद्र जैन, राजकुमार बागरी, गोविंद प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

---

## 30 लाख के विकास कार्य का हुआ भूमि पूजन, परेशानियों से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राम मनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत चण्डिका नगर विकास की दिशा में एक अहम पहल का साक्षी बना।जब क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जल निकासी समस्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 30 लाख रुपये की लागत से सीसी नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य और क्षेत्रीय पार्षद उमेन्द्र अहिरवार की विशेष उपस्थिति रही। सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का संदेश देते हुए भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों कराया गया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

महापौर श्रीमती सूरी ने अपने



उद्बोधन में कहा कि नगर निगम विकास को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि सीसी नाला निर्माण से चण्डिका नगर को जलभराव और गंदगी की समस्या से मुक्ति मिलेगी।नगर निगम गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ विकास कार्य पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।स्थानीय नागरिकों ने महापौर एवं नगर निगम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीसी नाला निर्माण से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा और बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी युवक गंभीर घायल

**पन्ना।** जिले के ग्राम गढ़ी करहिया के पास तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान लोकनाथ पिता राजाराम पटेल (उम्र 32 वर्ष) निवासी गढ़ी करहिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक तेज गति से बाइक चला रहा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर कर दिया गया।

### ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस मौके पर गोदाम के बाह्य परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे सहित राजनैतिक दल से राजकुमार पटेल, राजेश कुमार गुप्ता, सुनील वर्मा एवं रमेश सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

### श्री राम कथा में हुआ नारद वाल्मीक संवाद

**पवई -** जगत जननी माता कलेही और भाटेश्वर सरकार की कृपा से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पुरुषोत्तम पीठाधीश्वर स्वामी श्री 1008 श्री प्रमोद बिहारी दास जी महाराज खजुरी ताल बरा आश्रम के तत्वाधान में नगर एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से नगर की पवित्र पतने नदी के किनारे स्थित माता देवी मंदिर परिसर में विशाल श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसके अंतर्गत 20 जनवरी मंगलवार को नारद बाल्मीक संवाद , 21 जनवरी बुधवार को अयोध्यापुरी का वर्णन, 22 जनवरी गुरूवार को श्रीराम जन्मोत्सव ,23 जनवरी शुक्रवार को बाल लीलाओं का वर्णन एवं विश्वामित्र जी का आगमन , 24 जनवरी शनिवार को श्रीराम जानकी विवाहोत्सव , 25 जनवरी रविवार को रामवन गमन एवं सीताहरण, 26 जनवरी सोमवार को बालीवध एवं रामेश्वर स्थापना , 27 जनवरी मंगलवार को श्रीराम राज्याभिषेक एवं 28 जनवरी बुधवार को सार्वजनिक हवन एवं भण्डारा प्रसाद वितरण किया जावेगा।

नगर पालिका-लोक निर्माण और संबंधित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

# कलेक्टर-एसपी ने गणतंत्र दिवस समारोह स्थल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ स्थानीय स्टेडियम परेड मैदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने व्हीआईपी व्यवस्था के आगमन, पंडाल व्यवस्था, मंच स्थल, पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सीएमएचओ को तीन स्थानों पर स्वास्थ्य कैम्प लगाने के निर्देश दिये। पंडाल व्यवस्था व्यवस्थित करने के साथ पार्किंग स्थल पर समतली करण करने के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम आरएल बागरी, सीएमएचओ आरके अठ्या, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी, एसडीओ लोक निर्माण वर्षा मिश्रा, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, परेड कमांडर अभिनव साहू सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कोचर ने कहा गणतंत्र दिवस में 5-6 दिन का समय शेष है। तैयारियों संतोषजनक पाई गई हैं। 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जिसमें हर बारीकी को फिर से परखा जाएगा। हॉकी टर्फ के पास वाले क्षेत्र की सफाई कराकर उसे समतल किया गया है, ताकि वहां टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो सके। इस बार मैदान में तीन तरफ टेंट लगाए जा रहे हैं। इससे आम जनता और परेड/पीटी में शामिल होने वाले बच्चों को धूप में खड़े रहने की समस्या नहीं होगी। मैदान के तीन अलग-अलग कोनों में हेल्थ काउंटर और एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पीडब्लूडी के माध्यम से पूरे परिसर, गेट की मरम्मत और पेंटिंग का काम कराया गया है। मुख्य मंच की चौड़ाई बढ़ाई गई है और उसके पीछे के स्ट्रक्चर को भी सजाया गया है। सूरज की सीधी रोशनी से बचने के लिए चारों तरफ 'छज्जा' निकाला जाएगा। मैदान के दोनों तरफ दो बड़ी वीडियो वॉल लगाई जा रही हैं, ताकि दूर बैठे लोग भी कार्यक्रम को स्पष्ट रूप से देख सकें। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा गणतंत्र दिवस की यहाँ पर व्यवस्था का आज एक रिव्यू किया है। जिसमें वीआईपी मूवमेंट, आम जनता के आने के रास्ते, पार्किंग और ओवरऑल व्यवस्था में कहाँ-कहाँ सुरक्षा देनी है और किस तरीके से हम वीआईपी का स्टेज तक मूवमेंट कराएँगे। उन्होंने कहा आम जनता को बिना किसी दिक्कत के उनके बैठने के स्थान तक लेके आने की जो व्यवस्था रहने वाली है, उस पर चर्चा हुई है। उन्होने बताया कुछ नए इसमें सुझाव जो दिए गए थे, उन पर इंप्लीमेंटेशन हुआ है, जो अभी फ़ौरी तौर पर जो काम हो सकते थे, वो कम्पलीट किए जा चुके हैं और मुझे लगता है कि सुरक्षा को लेकर हमारी त्रि-स्तरीय सुरक्षा होती है, जो ग्राउंड में होती है, एक बाहर होती है और एक बाकी जो हम चेकिंग लगाते हैं, तो उनके संबंध में पिछले साल की जो व्यवस्था रही है, उससे और बेहतर व्यवस्था देंगे और जो पूरा प्रोग्राम है, उसको अच्छे तरीके से संपन्न करवाएँगे।

# रोटरी क्लब ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुनवाही उमरिया के आश्रित ग्राम टपरिया टोला में मंगलवार को रोटरी क्लब दमोह के तत्वाधान में स्कूली बच्चों एवं उनके पालकों को गर्म स्वेटर कोटो वितरण किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर सरस्वती पूजन बच्चियों ने समधुरस्वर में प्रार्थना की। तत्पश्चात संजय जैन अरिहंत पूर्व अध्यक्ष ने रोटरी क्लब के क्रियाकलापों से अवगत कराया और किए गए सेवा कार्यों को बताया वहीं अध्यक्ष अजीत जैन राज बिल्डर्स ने समाज सेवा और परोपकार से बढ़कर दूसरा कोई काम नहीं है साथ ही महिलाओं की शिक्षा परिवार धुरी है। संतान व्यक्ति की सबसे बड़ी दौलत है। समीर बुधवानी ने युवाओं को आगे आकर अपने ग्राम विकास जी तोड़ मेहनत करने को कहा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शक्ति का सही प्रयोग कर अपनी जिंदगी को नेक बनाने में अनेक उपाय बताएं । वहीं पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने खाद्य पदार्थों की चीजों को देख परख कर खाना एवं ब्रांडेड वस्तु में लेने को कहा वहीं किशन लाल घी वाला ने अपने जीवन के अनेक उपाय बताएं। स्कूली बच्चों की स्वागत वंदन से दिल को सराहा कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए रूपेश असाटी ने शिक्षा है। अनमोल रतन उसको रखो हरदम अपने पास जीवन में आएगी। काम अभिषेक साहू ने बच्चों को जिंदगी में काम आने वाले टिप्स बताएं वही राजेंद्र कुमार जी ने बैंकिंग फिराट ओपीडी से सतर्क रहने और उनसे बचने के उपाय बताएं। कार्यक्रम का रस बिभोर संचालन महेंद्र दीक्षित जनसेवी शिक्षक ने किया। शाला प्रभारी संदीप राय ने सभी का आभार माना वही सहयोगी शिक्षक यशवंत रैकवार ने पूर्ण व्यवस्थाओं की कमान संभाली आदिवासी टोला में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बच्चों बच्चियों महिलाओं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की जिसे कई वर्षों तक याद किया जाएगा।

### क्षत्रिय कुशवाहा समाज के जिला उपाध्यक्ष का जन्म दिवस मनाया

**हिण्डोरिया।** जिला कांग्रेस कार्यालय में क्षत्रिय कुशवाहा समाज के जिला उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के जिला महासचिव मोहन मुकददम कुशवाहा का जन्मदिन मनाया गया। एवं बधाई दी गई। उन्हें पूर्व विधायक अजय टण्डन,भूपेन्द्र अजवानी, योगेन्द्र कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, रिटायर्ड शिक्षक मुन्ना लाल कोरी अजय जाटव, विजय कर्माकर, इमरत कुशवाहा, प्रिंस कुशवाहा, मूलचन्द कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, मयंक कुशवाहा आदि ने दीर्घायु उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## कॉलेज चलो अभियान में किया जागरूक




**तेंदूखेड़ा।** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर के निर्देशन में सोमवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तारादेही एवं मंगलवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झलोन का भ्रमण किया गया। कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी यशवंत अहिरवाल, सहायक डॉ नंदकिशोर निकोसे एवं डॉ सुनील गिरि ने विद्यालय के विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया , छात्रवृत्ति योजनाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल कूद संबंधी संसाधनों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर तारादेही प्राचार्य स्वदेश नेमा व झलौन विद्यालय से प्राचार्य अशोक साहू , एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में मनाया जा रहा आनंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार आनंद उत्सव का आयोजन हटा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 14 से 24 जनवरी के मध्य किया जा रहा है इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत पाली एवं बरखेरा चैन में सामूहिक ग्राम पंचायतों के सहयोग से आनंद उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सहभागिता करने वाली ग्राम पंचायत के विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परम्परागत खेल कूद जैसे कबड्डी, खो-खां. बोरा रेस, रस्साकसी, चेयर रेस, पिटटू , सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ के अलावा सांस्कृतिक कार्यकम जैसे लोक संगीत नृत्य, गायन, भजन कीर्तन आदि स्थानीय स्तर पर कार्यकम किये गये। आनंद उत्सव समारोह की गतिविधियों में बच्चों के साथ महिला पुरुषों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। जहां ग्राम पंचायत पाली में आनंद उत्सव के आयोजन में जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन, जनपद सदस्य अंबिका कुरैरिया , सरपंच लक्ष्मण सिंह देवेन्द्र तिवारी कुम्मेर सिंह यादव के साथ पाली कनकपुरा मलवारा एवं मांदो पंचायत के वरिष्ठजन शिक्षक सचिव संतोष पटेल, रोजगार सहायक पाली, की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता सी एच ओ आदि की उपस्थिति रही जहां आयोजन उपरांत प्रतिभागियों को शील्ड, पदक व नकद राशि से पुरस्कृत किया गया श्रीमती चंदा यादव सरपंच पाली के निर्देशन एवं रविकांत अहिरवार के मार्गदर्शन व भरत नामदेव के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी प्रकार बरखेरा चैन में भी ग्राम पंचायत कुंवरपुर, कुलुवाकला, रसीलपुर की स्कूल के बच्चों ने सचिवों की सहयोग से अपनी सहभागिता निभाई जिसमें सचिव ईश्वर दास पटेल, रोजगार सहायक कमलेश पटेल, सचिव जागेश्वर नामदेव का सहयोग रहा।

# आनंद महोत्सव का भव्य आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण प्रदेश में पंचायत विभाग के माध्यम से आनंद उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है उसी क्रम में दिनांक 20 जनवरी 2026 को विकासखंड जबेरा की ग्राम पंचायत भाट खमरिया कालहेरा खेड़ा एवं बंशीपुर तीनों ग्राम पंचायत का संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत भारत खमरिया में कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से की गई जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत जबरा की उपाध्यक्ष रश्मि सुजान सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी जबेरा विकास सिंह चौहान के द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संगीत एवं संस्कृत परिस्थितियों की प्रस्तुति ने वातावरण को आनंदित कर दिया विद्यालय के छात्रों एवं ग्राम के युवाओं ने देश भक्ति गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया हाई स्कूल प्राचार्य कमल सिंह लोधी ने एक शानदार बुंदेली गीत प्रस्तुत किया तथा ग्राम की महिलाओं ने भी धार्मिक एवं बुंदेली गीत तथा नृत्य प्रस्तुत करती हुई कार्यक्रम को मनमोहन बना दिया खेलकूद की प्रतियोगिताओं में बच्चों और ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर की भाग लिया इस कारण यह आनंद महोत्सव और भी जीवंत बन गया इस कार्यक्रम में पूर्व जनपद पंचायत जबरा उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन ग्राम पंचायत भारत खमरिया सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह ग्राम पंचायत बंशीपुर सरपंच डॉल सिंह लोधी सहित वरिष्ठ वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र की जनप्रतिनिधि तथा विद्यालय के शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# गंगा झिरिया धाम में श्रीरामचरित मानस महायज्ञ, रामकथा ने दिखाया जीवन का मार्ग



**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा क्षेत्र की तपोभूमि गंगा झिरिया धाम में आयोजित इक्कीस दिवसीय श्रीरामचरित मानस विराट महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। महायज्ञ में प्रवचन करते हुए कथा व्यास देवी सुश्री तपस्या तिवारी ने श्रीरामचरित मानस के सार्वकालिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल धार्मिक पाठ नहीं, बल्कि मानव जीवन को संस्कार, मर्यादा और कर्तव्य के सूत्र में बांधने वाला दिव्य उपदेश है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस मनुष्य को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इसमें माता-पिता, गुरु, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का भाव समाहित है। रामकथा यह सिखाती है कि सत्य, धर्म, करुणा और त्याग के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। कथा व्यास ने बताया कि रामनाम और मानस का श्रवण मन को शांति, विचारों को पवित्रता और जीवन को स्थिरता प्रदान करता है। जहां रामकथा होती है, वहां नकारात्मकता का स्वतः क्षय होता है और वातावरण सद्भाव, प्रेम एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाता है। श्रीरामचरित मानस परिवार और समाज को जोड़ने वाला ग्रंथ है, जो आपसी समरसता और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि मानस को केवल कथा रूप में न सुनें, बल्कि उसके आदर्शों को अपने व्यवहार और कर्म में उतारें। राम के चरित्र को जीवन में अपनाना ही सच्ची भक्ति है। प्रवचन के दौरान प्रस्तुत प्रसंगों और उदाहरणों ने श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि गंगा झिरिया धाम में श्रीरामचरित मानस महायज्ञ विगत अट्ठाईस वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। यह पावन आयोजन महंत श्री श्री 108 छोटे सरकार राम अनुग्रह दास महाराज जी के सान्निध्य और आशीर्वाद में संपन्न हो रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा, दर्शन, पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और सत्संग से धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। हवन की आहुतियों, संगीतमय रामकथा और आरती के साथ पूरा परिसर दिव्य, भव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र रामभाव से आलोकित दिखाई दे रहा है।

## भाजपा मंडल की तारादेही में बैठक संपन्न



**तारादेही।** सोमवार को तारादेही ग्राम में संगठन की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे उपस्थित हुए जिला मंत्री भारत सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर सिंह लोधी गुलाब सिंह लक्ष्मण सिंह हाकम सिंह जुगराज सिंह मंडल उपाध्यक्ष भगत सिंह पूर्व महामंत्री हनुमत सिंह राजा ठाकुर बूथ अध्यक्ष परशोतम यादव भगवत सिंह मुकेश पटेल पंडित BLA 2 यशवंत सिंह प्रभात सिंह शक्ति केन्द्र तारादेही प्रभारी मंडल उपाध्यक्ष बलवंत सिंह शक्ति केंद्र ससना प्रभारी मंडल उपाध्यक्ष अरविंद कुमार जैन मंडल उपाध्यक्ष पवन यादव मंडल मंत्री प्रहलाद पाल रत्नेश साहू परसू पटेल मंडल मीडिया प्रभारी शरन यादव बूथ अध्यक्ष रवि यादव आईटी सेल प्रभारी सुबेंद्र शोसल मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह मंडल कोषाध्यक्ष अशोक रजक जी, रंजीत सिंह BLA 2 मान सिंह BLA 2 दीपक कुमार पटेल युवा साथी , BLA 2 विपीन सेन, दीपेन्द्र सिंह, गणेश चक्रबर्ती और वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### ससना में संगठन की हुई संगठनात्मक बैठक

**तारादेही।** सोमवार को मंडल तारादेही के शक्ति केन्द्र ससना की संगठन की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे उपस्थित हुए जिला मंत्री भारत सिंह गुलाब सिंह डॉ मनोहर सिंह लोधी भाजपा मंडल अध्यक्ष तारादेही देशराज सिंह जुगराज सिंह बूथ अध्यक्ष विंद्रावन पटेल मंडल उपाध्यक्ष भगत सिंह पंचम सींग बूथ अध्यक्ष मुकेश पटेल बूथ अध्यक्ष **BLA** 2 आनंद यादव युवा साथी विजय सिंह मंडल उपाध्यक्ष बलवंत सिंह शक्ति केंद्र ससना प्रभारी मंडल उपाध्यक्ष अरविंद कुमार जैन मंडल उपाध्यक्ष पवन यादव मंडल मंत्री परसू पटेल मंडल मीडिया प्रभारी शरन यादव बूथ अध्यक्ष जगदीश पटेल आईटी सेल प्रभारी सुबेंद्र जी शोसल मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह मंडल कोषाध्यक्ष अशोक रजक रंजीत सिंह **BLA** 2 मोहित पटेल **BLA** 2 धर्मेंद्र सिंह, और वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## सत्संग से जीवन परिवर्तन का आव्हान



**बनवार।** धूनी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने गूढ़ आध्यात्मिक संदेश देते हुए कहा कि जिस व्यक्ति के भीतर के दानव प्रवृत्तियां प्रबल हो जाती हैं, उसका जीवन दुःख, कष्ट और अशांति से भर जाता है, जबकि जिसके भीतर के देवतत्व की विजय होती है, उसका जीवन सुख, संतोष और भगवत प्रेम से ओतप्रोत हो जाता है। उन्होंने श्रोताओं से आह्वान किया कि मनुष्य को अपने विचारों पर सतत पैनी नजर रखनी चाहिए और बुरे विचारों पर अच्छे विचारों की विजय स्थापित कर मानव जीवन को सुखमय और आनंदमय बनाना चाहिए। बालव्यास जी ने कहा कि सत्संग में वह अद्भुत शक्ति होती है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल देती है, इसलिए जीवन में सत्संग और शास्त्रों में बताए गए आदर्शों का श्रवण अत्यंत आवश्यक है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि मानव को अपने जीवन से क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा और संग्रह जैसी प्रवृत्तियों का त्याग कर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यासपीठ से प्रवचन करते हुए उन्होंने कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र तथा नृसिंह अवतार जैसे दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम मात्र भी व्यक्ति को भवसागर से पार उतारने में समर्थ है। कथा में भगवत कीर्तन, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग और आध्यात्मिक ज्ञान अर्जन के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया गया। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति रस से सराबोर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और वातावरण भक्ति एवं उल्लास से भर गया। धूनी माता मंदिर प्रांगण में चल रही यह भागवत कथा क्षेत्र में भव्य, दिव्य और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## जरारूधाम को मिला संतों का सान्निध्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नर्मदाखण्ड सेवा संस्थान द्वारा संचालित गौ-अभ्यारण्य जरारूधाम को आज एक अत्यंत पुण्य और गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। प्रातःकाल की पावन बेला में परम पूज्य श्री श्री रावतपुरा सरकार जी तथा अजबधाम से परम पूज्य श्री छोटे सरकार जी का गौ-अभ्यारण्य की पवित्र धरा पर आगमन हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम संस्थान के संस्थापक एवं मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की ओर से परम पूज्य संतों को सादर प्रणाम अर्पित किया गया। तत्पश्चात संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज एवं कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता द्वारा शाल, श्रीफल एवं तिलक अर्पित कर चरण वंदना की गई। परम पूज्य सरकार जी ने गौशाला परिसर का भ्रमण करते हुए यहाँ संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने सिद्ध क्षेत्र जरारूधाम पहुँचकर भगवान भोलेनाथ के चरणों में शीश नवाया। इस अवसर पर पूज्य सरकार जी ने गौ-अभ्यारण्य के संस्थापक पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा स्थापित इस गौ सेवा प्रकल्प की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने माँ नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे भक्त प्रहलाद जी को और अधिक शक्ति प्रदान करें, ताकि सड़कों, खेतों और गाँवों में निराश्रित एवं पीड़ित गौ माताओं की सेवा और संरक्षण निरंतर बेहतर रूप से किया जा सके। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा एवं गौ सेवा के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

## दवाओं के नाम पर ठगी को लेकर दिया शिकायती पत्र



**झलौन।** झलौन क्षेत्र में आयुर्वेदिक दवाओं के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों की गैंग द्वारा स्वयं को आयुर्वेदिक दवा विक्रेता बताकर भोले-भाले नागरिकों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ठगों द्वारा नकली आयुर्वेदिक दवाएं बताकर लोगों को दवाई दी गई तथा उनसे अच्छी-खासी रकम वसूल की गई। इस संबंध में अशोक कुमार जैन के पुत्र मुकेश जैन द्वारा नगर निरीक्षक तेंदूखेड़ा को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा गया है। शिकायत में बताया गया है कि उक्त ठग गिरोह क्षेत्र में घूम-घूमकर गंभीर बीमारियों के इलाज का झांसा देकर नकली दवाएं बेच रहा है, जिससे कई लोग आर्थिक रूप से प्रभावित हुए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी निर्दोष नागरिक इस प्रकार की ठगी का शिकार न हो। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वे बिना सत्यापन किसी भी प्रकार की दवा या उपचार पर विश्वास न करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस संबंध में थाना प्रभारी रविंद्र बागरी का कहना है कि इस अशोक जैन का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है पुलिस द्वारा मामले की जांच जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 31 जनवरी को होगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

दमोह। युवक क्रांति संगठन की महिला शाखा की आवश्यक बैठक संयोजिका प्रोफेसर किरण गोस्वामी की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष श्रीमति अंतिम सराफ के विशेष आतिथ्य में हुई जिसमें 31 जनवरी 2026 शनिवार को शैल्बी हास्पिटल जबलपुर एवं युवक क्रांति संगठन,सम्यक हैल्थ केयर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सचिव रेखा सिंघई ने कहा कि यह शिविर जनहित में उपयोगी तथा सार्थक हो इस हेतु सभी सहयोगी बने,प्रो. किरण गोस्वामी ने शिविर को सफल बनाने में सभी से सहयोग की अपील करते हुए जबलपुर के डाक्टरों की सेवाओं के लिए धन्यवाद किया। आयोजक सुधीर विद्यार्थी, एवं डा. अकलेश जैन,डॉ केदार नाथ शर्मा,ने शिविर आयोजन के विभिन्न विन्दुओं पर जानकारी देते हुए बताया कि शिविर प्यासी मंदिर काम्पलेक्स में 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक होगा जिसमे विश्व प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ.विक्रम शाह की टीम के विशेषज्ञ डॉ विकास सावला (हडडी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ एवं डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोसर्जरी डॉ.एस.के शेरेकर अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे। बैठक में महिला समिति पदाधिकारी नेहा बजाज, श्रीमति मधुवाला जैन,श्रीमति श्रीमति सुरभि जैन, दीप्ति जैन, श्रीमति वंदना जैन,श्रीमति सीमा दिगम्बर,आदि ने भी अपने विचार रखते हुए शिविर को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की ।

### छात्र जीवन में अनुशासन, लक्ष्य और गुरु सम्मान ही सफलता की कुंजी –रंजीता पटेल

दमोह। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि कॉलेज के प्रथम वर्ष में प्रवेश करने पर छात्रों को स्कूल जीवन का महत्व समझ में आता है, क्योंकि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि अनुशासन और संस्कार भी देता है। उन्होंने गुरुओं के सम्मान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक केवल "सर" या "मैडम" नहीं, बल्कि संस्कारों के साथ "आचार्य जी" और "दीदी जी" कहे जाने योग्य हैं। इससे गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति की गरिमा बनी रहती है।

### जनसुनवाई में 268 आवेदनों पर हुई सुनवाई

# वृद्ध दंपति ने दबंगों से भूमि मुक्त कराने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के द्वारा कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 268 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 20 आधार अपडेशन, 10 महिला एवं बाल विकास,12 आयुष्मान कार्ड एवं 160 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर छोटे गिरी गोस्वामी, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।जिले के ग्राम कुम्हारी, लुहारी सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 37 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 36 आवेदनों का निराकरण किया गया



### बालिका की दिव्यांग पेंशन बढ़ाकर 1200 रूपये स्वीकृत की

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया कि यदि जिले में सेरेब्रल पॉल्सी से पीड़ित या मानसिक रूप से दिव्यांग, बहु-दिव्यांग कोई बच्चा है और उसे शासन की पेंशन का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है, तो उसकी जानकारी जिला प्रशासन को दें। पात्र हितग्राहियों को ₹1200 प्रतिमाह डबल पेंशन दिलाई जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि दिव्यांगता कार्ड में यदि मानसिक बौद्धिक दिव्यांग, बहु-दिव्यांग में से कोई एक भी उल्लेखित है, तो ऐसे दिव्यांग डबल पेंशन ₹1200 प्रतिमाह के पात्र हैं। आमजन अपने आसपास ऐसे किसी भी पात्र दिव्यांग की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि शासन की योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। आज जनसुनवाई में परसई गॉव की सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बालिका राधिका के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी दिव्यांग पेंशन 600 से बढ़ाकर 1200 रूपये स्वीकृत की गई। कलेक्टर श्री कोचर ने उक्त बालिका मेडिकल कॉलेज में उपचार हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था भी करवाई है, उक्त एंबुलेंस बालिका को उपचार उपरांत घर लाकर छोडेगी। कलेक्टर ने आगे बताया कि संकल्प से समाधान योजना के अंतर्गत बाल हृदय उपचार योजना पर कार्य किया जा रहा है। यदि 14 वर्ष या उससे कम आयु का कोई बच्चा दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित है, तो उसके उपचार का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। ऐसे मामलों की जानकारी दमोह हेल्पलाइन एवं सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई जाए।

### वृद्ध महिला के प्लाट पर दबंगों ने किया कब्जा

दमोह। मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर दमोह मप्र की जनसुनवाई में दमोह की वृद्ध दंपति संध्या जैन, कैलाश चंद जैन निवासी नया बाजार नं. 1, दमोह ने आवेदन सौंपकर बताया है कि राधेश्याम पटैल, सीताराम पटैल,आशाराम पटैल निवासी ग्राम मारा तहसील पथरिया जिला दमोह के द्वारा वृद्ध दंपति संध्या जैन, कैलाश चंद जैन की भूमि पर जबरन



कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कि आवेदिका जो कि 62 वर्ष की एक वृद्ध महिला है जिसनें अपनें जीवन की जमा पूंजी को जोड़कर एक प्लाट क्रय किया था जो कि मौजा इमलाई पटवारी हलका नं. 9/16 तहसील दमयंती नगर जिला दमोह में स्थित है। भूमि खसरा क्रमांक 613/4/1 में से 3872 वर्गफुट दिनांक 12-11-2021 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय कर कब्जा एवं मालिकी प्राप्त की थी। यह कि आवेदिका के विक्रेता नारायण साहू नें रा.प्र. 52 अ 6 (अ) वर्ष 2012-13 में पारित आदेश दिनांक 17-06-2013 के द्वारा वृद्ध दंपति संध्या जैन, कैलाश चंद जैन उपरोक्त खसरा नं. 613/4/क रकवा 0.052 हेक्टे. भूमि का नक्शा बटांक स्वीकृत करा लिया था। इसी बटांक के अनुसार राजस्व प्रकरण 24 अ / 12 वर्ष 2011-12 में पारित आदेश दिनांक 15-06-2015 के अनुसार सीमांकन कराया था। जो कि सीमांकन स्वीकार भी किया गया था। यह कि आवेदिका के विक्रेता नारायण साहू है और नारायण साहू नें 52 आरे, बिहारी साहू नें 52 आरे, राजकुमार साहू नें 100 आरे एक ही व्यक्ति राखी जैन से वर्ष 2009 में एक ही दिनांक में तीनों लोगों नें कुल 204 आरे की भूमि क्रय की थी परन्तु राजकुमार और बिहारी साहू का अपनी-अपनी भूमि पर पृथक कब्जा है। परन्तु नारायण साहू नें 52 आरे में से भरत रजक को 15×118 यानि 1770 वर्गफुट भूमि वर्ष 2019 में विक्रय की थी। शेष भूमि आवेदिका श्रीममि संध्या जैन को वर्ष 2021 में विक्रय की थी जिस पर अनावेदकगणों के द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक व तहसीलदार मंडल सिंगपुर के समक्ष आवेदन पेश कर पूर्व प्रकरण में स्वीकृत नक्शा बटांक के आधार पर व आवेदिका की रजिस्टी दिनांक 12/11/2021 में लेख दिशाओं के आधार पर सीमांकन हेतु आवेदन पेश किया है किन्तु राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी के द्वारा नक्शा बटांक तरमीम नहीं किया गया न ही आवेदिका की भूमि का सीमांकन किया गया है। लेकिन दबंगों के द्वारा मेरे प्लाट पर कब्जा हटाया नहीं जा रहा है। उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

### नगदी के साथ लाखों के जेवरात लेकर चोर फरार

## प्रधान आरक्षक और आरक्षक के सूने घर में चोरों ने धावा बोला

दमोह। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इंद्रा कॉलोनी में दो सूने घरों में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली के पीछे इंद्रा कॉलोनी स्थित निवासरत दो पुलिस परिवारों के निवास पर अज्ञात चोरों ने घुसकर ताले तोड़कर नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। जब परिवारजन वापस घर पहुंचे, तो ताले टूटे मिले. दरवाजे खुले मिले। इसकी सूचना परिवार जनों ने सोमवार सुबह सिटी कोतवाली पुलिस को दी. जहां मौके पर सिटी कोतवाली पुलिस और फिंगरप्रिंट टीमें पहुंची और उन्होंने बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इंद्रा कॉलोनी में निवासरत पीटीएस में पदस्थ आरक्षक आदेश तिवारी के निवास पर विगत रात्रि अज्ञात चोरों ने घुसकर घर में रखे एक से डेढ़ लाख नगदी, करीब चार से पांच लाख रूपए जेवरात लेकर चोर फरार हो गए. वहीं एक-दो दिन पूर्व सागर नाका चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक हर्ष पाठक के निवास पर चोरों ने धावा बोला, लेकिन घर में कुछ भी न मिलने पर चोर चोरी करने में असफल रहे। कोतवाली टीआई ने एफआईआर दर्ज कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर तलाश शुरू कर दी है,सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### श्रीमति प्रीति सिंघई को पीएचडी की उपाधि

दमोह। शहर के एलोरा कॉलोनी निवासी शिक्षक संजय सिघई की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति सिंघई ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर समाज का गौरव बढ़ाया है। श्रीमति प्रीति सिंघई को उनके शोध के लिये पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। सेंट ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित दीक्षांत



समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कर कमलों द्वारा श्रीमति प्रीति सिंघई को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्हे यह उपाधि शोध कार्य हेतू निर्देशन व डॉक्टर आरती शर्मा व्यास के मार्गदर्शन में प्रदान की गई। उनका शोध का विषय 'गणित शिक्षण की प्रभावशीलता पर संवेगात्मक बुद्धिमता के प्रभाव का अध्ययन' रहा है। उन्होने इस सफलताका श्रेय अपने ईश्वर, माता पिता स्वर्गीय रमेश कुमार जैन एवं श्रीमती कुसुम जैन, सास ससुर श्रीमती विमला जैन संतोष कुमार जैन तथा अपने पति संजय सिंघई सहित बच्चे आर्या, आर्जव, महाविद्यालय की प्राचार्य सुश्री वंदना चरण को दिया है। उन्होने समस्त शिक्षकों, सहयोगियों व मार्गदर्शन करने वालों का आभार व्यक्त किया। श्रीमती सिंघई वर्तमान में डॉक्टर विजय लाल स्मृति महाविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर लगभग 17 वर्षों से सेवाएं दे रही है। उनकी सफलता पर शिक्षा जगत सहित, शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे शुभकामनायें देते हुये उज्जव भविष्य की कामना की है।

## सीतानगर बड़ी शाला में भ्रष्टाचार पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



### जमीन, आभूषण व नकदी के दुरुपयोग के गंभीर आरोप, जांच की मांग

दमोह। सीतानगर स्थित श्री देव रामकुमार जानकी रमन मंदिर (बड़ी शाला) लोक न्यास में करोड़ों रुपये की जमीन, आभूषण, नकदी व अन्य संपत्तियों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जिलाधीश दमोह को शिकायती आवेदन सौंपकर संपूर्ण जांच कराए जाने की मांग की गई है। अखिलेश तिवारी आनंद तिवारी एवं अनेक ग्रामीण जनों ने आवेदन में बताया कि मंदिर लोक न्यास के नाम पर सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि, भवन, दुकानें, वाहन सहित बहुमूल्य संपत्तियां दर्ज हैं, इसके बावजूद आय-व्यय का पारदर्शी लेखा प्रस्तुत नहीं किया जा रहा। आरोप है कि मंदिर की भूमि का नियम विरुद्ध विक्रय/हस्तांतरण, तथा न्यास की संपत्तियों का निजी उपयोग किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मंदिर में वर्षों से श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए सोने-चांदी के आभूषण, नकद दान एवं अन्य बहुमूल्य सामग्री का रिकॉर्ड संधारित नहीं है। आभूषणों की न तो समुचित सूची उपलब्ध है और न ही उनके सुरक्षित भंडारण व उपयोग का स्पष्ट विवरण दिया गया है, जिससे गबन की आशंका व्यक्त की गई है। आवेदन के अनुसार मुहत्तम संतोष एवं अनुज टंडन द्वारा बिना सक्षम अनुमति के लाखों रुपये खर्च किए गए, धार्मिक आयोजनों के नाम पर राशि निकाली गई, जबकि वास्तविक खर्च का कोई प्रमाण नहीं है। लोक न्यास समिति का गठन भी नियमों के विपरीत बताए जाने के साथ पदाधिकारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि मंदिर लोक न्यास की जमीन, आभूषण, बैंक खाते, आय-व्यय विवरण, ऑडिट रिपोर्ट एवं संपत्ति रजिस्टर की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए मंदिर की संपत्तियों को सुरक्षित किया जाए। मंदिर द्वारा संचालित अनुदान प्राप्त गौशाला में भारी अनियमितता एवं भ्रष्टाचार है। ठंड एवं भूख प्यास से गौमाता की असमय मृत्यु हो जाती है।

## जिले में परीक्षा परिणाम सुधार के लिए बनाई गई सघन रणनीति, प्रतिदिन होगी मॉनिटरिंग- कलेक्टर

### डीईओ एवं बीईओ के साथ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परीक्षा की तैयारी को लेकर की समीक्षा,डी-ई ग्रेड विद्यार्थियों पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने परीक्षा परिणाम उन्नयन को लेकर स्पष्ट निर्देश देते हुए सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के विद्यार्थियों से सतत संपर्क बनाए रखने तथा ठोस रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी।

कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देश दिए कि 21 जनवरी से परीक्षा प्रारंभ होने के दो दिवस पूर्व तक कक्षा 10वीं एवं 12वीं के डी एवं ई ग्रेड विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति वार्डन शिक्षकों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। साथ ही बोर्ड परीक्षा में अध्ययनरत ए, बी एवं सी ग्रेड के विद्यार्थियों को किसी भी स्थिति में डी एवं ई ग्रेड विद्यार्थियों के साथ कक्षा में बैठाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा 21 जनवरी से डी एवं ई ग्रेड विद्यार्थियों के लिए गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान जैसे प्रमुख विषयों के तीन-तीन मॉडल प्रश्न पत्र एवं मॉडल आंसर तैयार किए जाएं। विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिदिन गूगल फॉर्म के माध्यम से ली जाएगी। जहां कहीं भी प्राचार्य द्वारा लिंक नहीं भरा गया या उपस्थिति कम पाई गई, वहां विकासखंड एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

कलेक्टर ने आगामी 15 दिनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस अवधि में शिक्षक विधार्थी स्तर पर विशेष मेहनत करें और तन, मन, धन से समर्पित होकर परीक्षा परिणाम सुधार के प्रयास करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन 30 मिनट की गूगल मीट आयोजित की जाएगी, जिसमें समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला स्तरीय टीम शामिल होगी। सभी विद्यालयों में विमर्श पोर्टल पर अपलोड मॉडल प्रश्न पत्र, वर्ष 2024 की वार्षिक परीक्षा एवं प्री-बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों का सहज और सरल भाषा में समाधान कराया जाएगा। प्रत्येक दिन किसी एक विषय का एक प्रश्न पत्र पूर्ण रूप से तैयार कराया जाएगा, जिसमें प्रश्न हल करना, समझाना, लिखवाना एवं टेस्ट शामिल रहेंगे।

इसके अतिरिक्त प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि डी एवं ई ग्रेड विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र परीक्षा दिवस के दो दिन पूर्व ही आवंटित किए जाएं। प्रतिदिन विद्यार्थियों को गृह कार्य दिया जाए तथा पालकों से संपर्क कर विद्यार्थियों की तैयारी की समीक्षा की जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि इस संपूर्ण रणनीति के तहत वे स्वयं एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा प्रतिदिन आकस्मिक निरीक्षण भी किए जाएंगे, ताकि बोर्ड परीक्षा 2026 में जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाया जा सके।

## सीता नगर परियोजना के लाभ से छूटे किसानों में आक्रोश

**किसान संघ 33 गावों मे बैठक कर आन्दोलन की तैयारी में जुटा**

हिण्डोरिया। खैर माता प्रागंण पंचायत कादीपुर मे किसान संघ के व्दारा किसानों एवं नागरिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सीता नगर परियोजना मे छूटे सभी 33 गावों को योजना से जोड़े जाने पर चर्चा एवं आन्दोलन की रणनीति बनाई गई। इस बैठक के बारे मे नाम ना छापने की शर्त पर एक किसान ने बताया कि जब सीता नगर परियोजना का सर्वे हुआ था। तब इन छूटे हुये 33 गांवों का नाम भी योजना मे था। किंतु योजना शुरू होने के इतने साल बाद भी इन गावों को नही जोड़ा जा रहा है। अतऐव इन ग्रामवासियों को शुध्द पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के अलावा किसानों को खेती हेतु सिंचाई जल की भीषण समस्या से नित जूझना पड़ रहा है। इस कारण इन सभी गावों मे व्यापक जन-जागरूता अभियान किसान संघ के व्दारा चलाया जा रहा है। किसान संघ को गांव-गांव मे भारी समर्थन भी इस मुददे को लेकर मिल रहा है। सम्भवतः आगामी 27 जनवरी 2026 को कलेक्टर एवं जिला शासन- प्रशासन को पीड़ित किसानों एवं नागरिकों व्दारा ज्ञापन देने की तैयारी की जा रही है। इस आशय के बृहद आन्दोलन आयोजन के बारे मे किसान संघ व्दारा सभी जबाबदारों को अवगत भी कराया गया है। पूर्व मे विधायक उमा देवी खटीक एवं हिण्डोरिया भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह लोधी भी इस मुददे पर दमोह जिला के प्रभारी मंत्री जी को भी अवगत करा चुके हैं। जन जागरुकता आन्दोलन बैठक में सभी दलों के अलावा सत्ता पक्ष के भी अनेक नेतागण मौजूद देखे गये हैं।

## सृष्टि पालन के आदि स्त्रोत महाविष्णु : श्रीभगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





विष्णु पुराण केवल ग्रंथ नहीं, वह चेतना की धारा है जो काल के प्रवाह में भी अविचल बहती रहती है। जहाँ तर्क मौन हो जाता है, वहाँ दर्शन ही बोल सकता है; और जहाँ शब्द थक जाते हैं, वहाँ अनुभूति स्वयं उपदेश बन जाती है। इसलिए व्यास ने 18 में से सबसे लघु पुराण जिसकी श्लोक संख्या अन्य पुराणों से एक चोथाई हैं। यह पुराण मनुष्य को स्मरण कराता है कि जीवन केवल भोग का उपक्रम नहीं, अपितु धर्म से अनुप्राणित उत्तरदायित्व है। उक्त वक्तव्य साकते धाम महंत श्री श्री भगवान वेंदाताचार्य रसिक जी ने श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दौरान कही। उन्होने बताया कि जैसे सूर्य स्वयं जल को नहीं पीता, फिर भी वर्षा का कारण बनता है—उसी प्रकार महापुरुष स्वयं के लिए नहीं, लोक के लिए जीते हैं। जहां सृजन का गर्व, न संहार का उग्र रूप; बल्कि संतुलन की वह मर्यादा, जहाँ करुणा नीति बनती है और नीति करुणा में परिणत हो जाती है। यही दर्शन मनुष्य को सिखाता है कि शक्ति का सौंदर्य नियंत्रण में है और ज्ञान की शोभा विनय में, जिसे श्रीमहंत श्री भगवान वेदांतरसिकाचार्य ने कहीं जो कि मुख्य वक्ता हैं। पुराण का संदेश अलंकार बनकर नहीं, आचरण बनकर उतरता तब धर्म उपदेश नहीं, जीवन-पद्धति बन जाता है भक्ति भावना नहीं, चेतना की जागृति है; और ज्ञान संग्रह नहीं, आत्मबोध का प्रकाश है। जिस समाज में धर्म व्यवहार बन जाए, वहाँ नीति को दंड की आवश्यकता नहीं पड़ती। विष्णु पुराण इसी सत्य की घोषणा करता है कि जब अंतःकरण शुद्ध हो, तब राज्य स्थिर रहता है, और जब व्यक्ति संयमित हो, तब राष्ट्र सुरक्षित रहता है। यह वार्ता केवल श्रवण हेतु नहीं, आत्मसंरक्षण हेतु है ताकि मनुष्य अपने भीतर स्थित विष्णु-तत्त्व को पहचान सके और जीवन को लोकमंगल की दिशा में प्रवाहित कर सके। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अंतर्गत सुरेश चन्द्र शुक्ल (पप्पु गुरु जी) प्रमुख यजमान पं.आदित्य मिश्र प्रमुख यज्ञ आचार्य हैं। डॉ० दयाशंकर मिश्रा (दयालु गुरु जी) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, रामाकांत त्रिपाठी एवं औषधि प्रशासन उ०प्र सरकार, डॉ० डी०वी० मिश्र. डॉ० बी०डी० तिवारी. खाय सुरक्षा शुभम्कर चक्रवर्ती जी महाराज, पं० विजय शंकर शूक्ल, प्रो० डॉ बीएनमिश्रा, डॉ० गिरजाशंकर शुक्ला, पं० कृपाशंकर शुक्ला पं० जगदीश प्रसाद जी सहित यज्ञ नारायण सेवा समिति के सदस्यों ने महती भूमिका निभाई ।

# बुंदेली मेला में आनंद व्यंजन मेले की रही धूम

### स्वाद संस्कृति प्रतिभा का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली महोत्सव 2026 के पांचवें दिन मेले में उल्लास, उत्साह और संस्कृति का भव्य नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित आनंद व्यंजन मेला प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रतिभागियों ने लगभग 30 स्टॉल लगाकर विविध भारतीय व्यंजन तैयार किए। इन व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए मेले में लोग पहुंचे इस मेले की प्रभारी खुशबू सुरेखा, नेहा बजाज, महिमा जैन रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया। महिला



प्रतियोगिताओं की प्रभारी पूजा मलैया एवं रोजी बग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के पहले दिन से ही महिलाओं से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। आगामी दिनों में भी महिलाओं के लिए कई रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शाम के सत्र में स्वाति गौर के निर्देशन में आयोजित स्वर श्री प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बुंदेली मेला परिसर में विकास जैन के निर्देशन में पारंपरिक बुंदेली खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ एवं लंगड़ी दौड़ शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनि विद्यालय के लगभग 100 छात्रदृछात्राओं ने सहभागिता की। लंगड़ी दौड़ (बालिका वर्ग) मोनिका प्रथम, कायनात द्वितीय, नितिशा तृतीय कुर्सी दौड़ लक्ष्मी रैकवार प्रथम, राशि राय द्वितीय, दीपावली अहिरवार तृतीय मेंढक दौड़ (बालिका वर्ग) रोशनी प्रथम, जरीना द्वितीय, निवेदिता तृतीय मेंढक दौड़ (बालक वर्ग): हर्ष प्रथम, विशाल द्वितीय, अनिकेत तृतीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इससे पूर्व मेले में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाव सिंह लोधी एवं युवा समाजसेवी निशांत मलैया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बुंदेली गौरव न्यास के उपाध्यक्ष कैप्टन वाधवा ने सभी नगरवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित मेले में शामिल होकर बुंदेली संस्कृति, परंपरा और लोककलाओं का आनंद लें।

### राज्यमंत्री पटेल का दमोह-पथरिया दौरा आज

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल आज बुधवार 21 जनवरी को दमोह जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 10 बजे दमोह स्थित कार्यालय में जनसामान्य एवं गणमान्य नागरिकों से सौजन्य भेंट करेंगे। इसके पश्चात राज्यमंत्री श्री पटेल सुबह 11:30 बजे दमोह से पथरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे पथरिया में नवीन विश्रामगृह का भूमि पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रम में दोपहर 2:30 बजे ग्राम मेहलवारा आगमन होगा, जहां सूखा से मेहलवारा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 04 बजे ग्राम सूखा पहुंचकर सूखा से बिलानी मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। सभी कार्यक्रमों के उपरांत राज्यमंत्री श्री पटेल दमोह लौटेंगे, जहां रात्रि विश्राम रहेगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./निविदा/2026/1670 — ***तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना*** — हटा, दिनांक 20/01/2026

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित मशीनरी की आवश्यकता है इस हेतु आईटम दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_477021_1 21-01-2026 | वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लाट एवं एम.आर.एफ. प्लाट हेतु मशीनरी क्रय | 1- 01 माह 2- 23.50 लाख | 1- 2000.00 2- 18000.00 | 05-02-2026 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह